प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

29.09.2024/प्रादेशिक समाचार/09.20 बजे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा।

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज सुबह रिज मैदान से हिमाचल प्रदेश पुलिस द्वारा आयोजित हॉफ मैराथन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। प्रदेश पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ आयोजित की जा रही इस मैराथन में साढ़े 21 किलोमीटर दूरी की हॉफ मैराथन, 10 किलोमीटर दूरी की मिनी मैराथन तथा तीन किलोमीटर दूरी की ड्रीम रन का राज्यपाल ने शुभारंभ किया। युवाओं को नशे से दूर रखने व इसके दुष्प्रभावों से जागरूक करने के लिए इस मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। मैराथन में विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। इससे पहले राज्यपाल ने उपस्थित जनसमूह को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के फलस्वरूप केंद्र सरकार ने जनहित से जुड़ी विभिन्न 66 परियोजनाओं को एफ.सी.ए क्लीयरेंस प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके अलावा प्रदेश सरकार ने केंद्र से 77 सैद्धांतिक स्वीकृतियां भी सुनिश्चित की हैं जिनमें शोंगटोंग, थाना पलाऊं विद्युत परियोजना, शैक्षणिक संस्थान, हेलीपोर्ट, पेयजल आपूर्ति और सड़क अधोसंरचना परियोजनाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 70 फीसदी वन क्षेत्र है और जनहित परियोजनाओं के लिए वन भूमि बेहद अनिवार्य है। इसलिए इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए फॉरेस्ट क्लीयरेंस प्राप्त करना राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

प्रदेश में आज पंचायत उपचुनाव के लिए मतदान किया जा रहा है। मतदान सुबह आठ बजे शुरू हो गया है जो शाम चार बजे तक चलेगा। उपचुनाव में कुल 109 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। पंचायत प्रधान, उपप्रधान व वार्ड सदस्यों के मतों की गणना मतदान के तुरंत बाद पंचायत मुख्यालय पर

की जाएगी। जबकि बीडीसी व जिला परिषद सदस्य के लिए हुए चुनाव की मतगणना कल 30 सितंतर को संबंधित विकासखंड कार्यालय में सुबह 9 बजे शुरू होगी।

और अब सुर्खिया समाचार पत्रों से ....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। दिव्य हिमाचल का शीर्षक हैं–**66 प्रोजेक्टों को एफ.सी.ए. क्लीयरेंस–सुक्खू बोले, प्रदेश सरकार के प्रयास आए काम, 77 अन्य भी तैयार।** अखबार की एक अन्य खबर है–**हिमाचल में बन सकेंगे 20 मंजिला कमर्शियल भवन–राज्य सरकार ने व्यवसाय होटल, उद्योगों के लिए संशोधित रूल्स का ड्राफ्ट किया जारी।**

अमर उजाला का शीर्षक है–**मस्जिदों में अवैध निर्माण के खिलाफ शिमला, मंडी समेत कई जगह प्रदर्शन। दैनिक जागरण की सुर्खी है– मस्जिदों के अवैध निर्माण पर उबाल, न हटाने पर जेल भरो आंदोलन होगा।**

सरकारी कर्मचारियों को पहली अक्तूबर को मिलेगा वेतन, 9 को जारी होगी पेंशन शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है–प्रदेश की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करने के बाद सरकार ने लिया निर्णय। पंजाब केसरी की सुर्खी है–**पड़ोसी राज्यों में चुनाव के बीच एक को वेतन व 9 को मिलेगी पैंशन।**

हिमाचल दस्तक की एक खबर है–**रिज पर लगेगी पूर्व सी.एम. वीरभद्र सिंह की प्रतिमा–नगर निगम हाउस से प्रस्ताव को मिली मंजूरी। अखबार की एक अन्य खबर है–खराब रिजल्ट रोकेगा शिक्षकों की इन्क्रीमेंट–25 फीसदी से कम परिणाम देने वालों को नहीं मिलेगी वेतन बढ़ोतरी।**

दैनिक सवेरा टाईम्स की एक खबर है–**हिमाचल राज्य चयन आयोग को मिली राज्यपाल की मंजूरी।**

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है–**जाते–जाते कोटा पूरा कर गया मॉनसून, सितंबर में 5 प्रतिशत ज्यादा बरसा, अब 6 दिन तक मौसम साफ। आपका फैसला के शब्द हैं– 6 दिन तक मौसम साफ रहने के आसार, जल्द विदा होगा मॉनसून।**

इसके साथ ही ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। नमस्कार।